# NOTTO पहल

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

हाल ही में, **राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO) ने कॉर्नियि और ऊतक प्रत्यारोपण** के संबंध में प्रमुख पहल जारी की।

- **केंद्रीकृत डाटाबेस: NOTTO कॉर्नियि और अन्य ऊतक प्रत्यारोपण** के रोगियों के लिये एक केंद्रीकृत डाटाबेस विकसित कर रहा है।
- **अनिवार्य लिंकिंग**: सभी अंग प्रत्यारोपण, पुनर्प्राप्ति केंद्र, **कॉर्नियि प्रत्यारोपण केंद्र** और **ऊतक बैंकों को** अपना डेटा **NOTTO की राष्ट्रीय रजिस्ट्री से लिंक करना होगा।**
- **नेत्र बैंकों का प्रदर्शन:** नेत्र बैंकों से प्रतिवर्ष न्यूनतम **50 आँखें या 100 कॉर्नियि एकत्र करने की अपेक्षा की जाती है।**
  - मानव अंग और ऊतक प्रतिरोपण अधिनियम (THOTA), **1994** के तहत, नेत्र बैंकों को अपना प्रमाणीकरण बनाए रखने के लिये **पाँच वर्षों** में कम-से-कम 500 कॉर्नियि एकत्र करना आवश्यक है।
- **कॉर्नियि दान के लिये संभावित सहमति:** NOTTO कॉर्नियि दान के लिये **ऑप्ट-आउट मॉडल पर विचार कर रहा है, जहाँ अस्पताल में मरने वाले लोगों को कॉर्नियि दानकर्त्ता मान लिया जाता है,** जब तक कि व्यक्ति ने **स्पष्ट रूप से ऑप्ट-आउट नहीं किया हो।**
- NOTTO, **अंग और ऊतक प्रत्यारोपण** सेवाओं की निगरानी के लिये **स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय,** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्थापित शीर्ष संगठन है।

**अधिक पढ़ें: NOTTO वार्षिक रिपोर्ट 2023-24**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/notto-initiatives